ई-मेल द्वारा

महानिदेशालय कारागार, राजस्थान, जयपुर

क्रमांक-निरीक्षण/2020/59732 दिनांक:- 28.**12.2020**

प्रेस विज्ञप्ति

'ऑपरेशन फ्लश आउट' की अवधि 31 जनवरी,2021 तक बढ़ाई

जेलों में मोबाईल फोन, चार्जर, अफीम, चरस आदि मादक पदार्थ, बीड़ी, सिगरेट ,जर्दा, गुटका एवं अन्य अवांछनीय निषिद्ध वस्तुओं का तस्करी के माध्यम से प्रवेश तथा बंदियों के द्वारा जेलों में आपराधिक गतिविधियों के संचालन पर पूर्ण अंकुश लगाने के लिए महानिदेशक कारागार राजीव दासोत द्वारा जेल विभाग की समस्त जेलों में **दिनांक 21/11/2020 से 31/12/2020** तक **'ऑपरेशन फ्लश आउट'** के नाम से एक विशेष अभियान प्रारंभ किया गया था।

'ऑपरेशन फ्लश आउट' के अन्तर्गत (i)राज्य की समस्त जेलों की सघन तलाशी (ii)आपराधिक कृत्यों,भ्रष्टाचार एवं मिली भगत में लिप्त स्टाफ को चिन्हित कर कठोरतम अनुशासनात्मक कार्यवाही (iii) जेलों में आतंक का पर्याय बने हुए हार्डकोर बंदियों को उनके सुविधाजनक दायरे (कम्फर्ट जोन) से अन्यत्र जेलों में स्थानान्तरण किये जाने तथा (iv) जेलों में बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही अवांछनीय, अनावश्यक, अनाधिकृत एवं अवैधानिक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर रोक के निर्देश दिये गये थे।

दासोत ने बताया कि यह एक संतोषप्रद विषय है कि गत लगभग 5 सप्ताह की अवधि में **'ऑपरेशन फ्लश आउट'** के अन्तर्गत सराहनीय एवं प्रभावी कार्यवाही की गई है। विभिन्न जेलों में बड़ी संख्या में मोबाईल, सिम कार्ड, चार्जर, इयरफोन, डेटा केबल, अफीम, तम्बाकू इत्यादि निषिद्ध पदार्थ बरामद किये गये हैं। आपराधिक कृत्य, भष्टाचार एवं मिलीभगत में लिप्त स्टाफ को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कठोरतम अनुशासनात्मक कार्यवाही, निलम्बन और शिकायतन स्थानान्तरण भी किये गये हैं। इसी प्रकार जेलों में आतंक का पर्याय बने 22 हार्डकोर बंदी तथा निषिद्ध वस्तुओं का प्रयोग करने वाले बंदियों को अन्यत्र दूरस्थ जेलों में स्थानान्तरित किया गया है। अधिकांश जेलों में विभिन्न अवांछनीय, अनावश्यक, अनाधिकृत एवं अवैधानिक सामग्री तथा सुविधाएं उपलब्ध कराने की प्रवृत्तियों पर रोक लगी है। जेल विभाग के समस्त अधिकारीगण व कर्मचारीगण **'ऑपरेशन फ्लश आउट'** की सफलता के लिए दिन-रात कड़ी मेहनत कर रहे हैं। इस अभियान के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया गया है।

महानिदेशक एवं महानिरीक्षक कारागार राज. जयपुर

इन सभी कार्यवाहियों को माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा भी दिनांक 15 दिसम्बर,2020 को हुए विभागीय प्रस्तुतीकरण के दौरान सराहा गया। इसके साथ ही आम जनता में भी जेल विभाग की छवि में निश्चित रूप से सुधार हुआ है।

दासोत ने बताया कि अब तक प्राप्त की गई उपलब्धियों को और अधिक सुदृढ़ एवं स्थायी करने के उद्देश्य से वर्तमान में चल रहे **'ऑपरेशन फ्लश आउट'** की अवधि **दिनांक 31/01/2021 तक बढ़ाई** गई है। अभियान और अधिक उत्साह, लगन तथा दृढ़ता से जारी रहेगा।

महानिदेशक एवं महानिरीक्षक कारागार
रा॰. ज॰पुर

=====*****=====